# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 81 | बिजौलिया - शुक्रवार,06 नवम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## अभिषेक चौधरी बने युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष, अनिल चोपड़ा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान युवा कांग्रेस को नया प्रदेशाध्यक्ष मिल गया है। प्रदेशाध्यक्ष पद के चुनाव में सर्वाधिक मत हासिल करने वाले अभिषेक चौधरी को संगठन की कमान सौंपी गई है। वहीं दूसरे स्थान पर रहे अनिल चोपड़ा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और तीसरे स्थान पर रहे राजकुमार परसवाल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने तीनों नेताओं को बधाई दी है।



**पहली बार बिना साक्षात्कार के हुई नियुक्ति**

इस नियुक्ति की खास बात यह है कि प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए शीर्ष तीन स्थानों पर रहे प्रत्याशियों का साक्षात्कार नहीं लिया गया। युवा कांग्रेस के चुनाव प्राधिकरण के नियमों के अनुसार पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रत्याशियों को साक्षात्कार की प्रक्रिया से गुजरना होता है। इसके लिए अभिषेक चौधरी, अनिल चोपड़ा और राजकुमार परसवाल को दिल्ली बुलाया जाना था। वहां राहुल गांधी, राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा सहित वरिष्ठ नेता प्रत्याशियों से आमने-सामने बातचीत करने वाले थे। हालांकि, इस बार साक्षात्कार के बिना ही सर्वाधिक मत पाने वाले अभिषेक चौधरी को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया।

**अभिषेक और अनिल के बीच 69 हजार से अधिक मतों का अंतर**

युवा कांग्रेस के विभिन्न पदों के लिए करीब छह महीने तक चुनाव प्रक्रिया चली थी। 4 अक्टूबर को घोषित परिणाम में अभिषेक चौधरी 6 लाख 15 हजार 57 मत प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे थे। जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अनिल चोपड़ा को 5 लाख 45 हजार 638 मत मिले और वे दूसरे स्थान पर रहे। वहीं राजकुमार परसवाल ने 1 लाख 95 हजार 30 मत प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया था।

अभिषेक चौधरी और अनिल चोपड़ा के बीच 69 हजार 419 मतों का अंतर रहा। अब संगठन ने चुनाव परिणाम के अनुसार तीनों प्रमुख प्रत्याशियों को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी सौंप दी है।

## सरपंच के पदभार ग्रहण समारोह में बवाल, मारपीट में समर्थक गंभीर घायल

**जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर पंचायत कार्यालय से निकालने का आरोप, लाठी-डंडों से हमले में एक घायल भीलवाड़ा रेफर**



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी।** पंचायत चुनाव की रंजिश अब गांवों में सामने आने लगी है। फूलियाकलां पंचायत समिति की नवगठित रूपपुरा ग्राम पंचायत में गुरुवार को नवनिर्वाचित सरपंच के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि सरपंच को जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर धक्के देकर पंचायत कार्यालय से बाहर निकाल दिया गया। वहीं, सरपंच के एक समर्थक के सिर पर लकड़ी से वार कर गंभीर घायल कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार सरपंच घीसालाल भील गुरुवार सुबह करीब 10 बजे समर्थकों के साथ पंचायत कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान विपक्षी पक्ष के लोगों से विवाद हो गया। सरपंच की ओर से दर्ज रिपोर्ट में पत्थर और लाठियां लेकर पहुंचने, अभद्रता करने तथा पंचायत के सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप लगाए गए हैं। विवाद के बीच सरपंच ने पदभार ग्रहण किया।

आरोप है कि इसी दौरान नारायण गुर्जर ने सरपंच समर्थक किशनलाल कुमावत के सिर पर लकड़ी से वार कर दिया। गंभीर घायल किशनलाल को शाहपुरा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया।

थाना प्रभारी दिनेश कुमार चौधरी ने बताया कि सरपंच की रिपोर्ट पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने, राजकीय कार्य में बाधा सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जांच शाहपुरा डीएसपी नानालाल सालवी को सौंपी गई है। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस गश्त बढ़ा दी गई। भाजपा नेताओं ने भी मौके पर पहुंचकर समझाइश की। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## बिल पास कराने के बदले 50 हजार की रिश्वत! समग्र शिक्षा विभाग के जेईएन का दलाल कार में रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रेप,एसीबी ने किया गिरफ्तार, 8.82 लाख के बिल के बदले मांगी थी घूस

**जेईएन अनिल भट्ट की भूमिका भी जांच के घेरे में**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

भीलवाड़ा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए समग्र शिक्षा विभाग में पदस्थापित कनिष्ठ अभियंता के कथित दलाल को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ने रायपुर पंचायत ब्लॉक में करवाए गए सिविल निर्माण कार्यों का बिल पास करवाने की एवज में ठेकेदार से रिश्वत की रकम ली थी। एसीबी की टीम ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन के नेतृत्व में गर्ग पेट्रोल पंप के पास रेलवे फाटक पर ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी को उसकी स्विफ्ट कार में परिवादी से रिश्वत लेते दबोचा गया। मौके से 50 हजार रुपए बरामद किए गए, जिनमें 10 हजार रुपए असली और 40 हजार रुपए डमी करेंसी थी। एसीबी अब मामले में संबंधित कनिष्ठ अभियंता अनिल भट्ट की भूमिका की भी जांच कर रही है।



दलाल



कार्रवाई करती एसीबी टीम

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी फर्म ने रायपुर पंचायत ब्लॉक में सिविल निर्माण कार्य करवाए थे। इन कार्यों के 8 लाख 82 हजार 647 रुपए के प्रथम रनिंग बिल को पास करने की एवज में कनिष्ठ अभियंता द्वारा कथित दलाल श्रेणीक चौधरी के माध्यम से 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। इसके अलावा टेस्टिंग के नाम पर 10 हजार रुपए अलग से मांगने की शिकायत भी थी।

शिकायत मिलने पर एसीबी ने रिश्वत मांग का सत्यापन करवाया, जिसमें 50 हजार रुपए दलाल को देने की पुष्टि हुई। इसके बाद टीम ने जाल बिछाकर गर्ग पेट्रोल पंप के पास रेलवे फाटक पर श्रेणीक चौधरी को परिवादी से 50 हजार रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और कनिष्ठ अभियंता अनिल भट्ट की भूमिका की जांच की जा रही है।

## लाडी जी का खेड़ा में आग कई बीघा फसल जलकर राख; लाखों का नुकसान



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

थाना क्षेत्र के लाडी जी का खेड़ा गांव में गुरुवार को आग से किसान परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बलदेव गुर्जर के बाड़े में अचानक आग लगने से वहां रखी कई बीघा मक्खी एवं मूंगफली की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। आग की चपेट में आने से लाखों रुपए का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

आग लगने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के प्रयास किए। घटना की जानकारी मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान की जानकारी ली।

वहीं कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कानावत भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसान से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। अचानक हुई इस घटना से किसान परिवार को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का उचित आकलन करवाकर पीड़ित किसान को नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

## कमला देवी हत्याकांडः मुख्य आरोपी का भतीजा कालू तापड़िया गिरफ्तार, छह दिन के पुलिस रिमांड पर

**गहने और जमीन-जायदाद के विवाद में हत्या कर छत पर जलाया था शव; नाली और कोठारी नदी में फेंके थे अवशेष, तीन पहले ही हो चुके गिरफ्तार**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

72 वर्षीय कमला देवी कांकरिया हत्याकांड में भीमगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे चौथे आरोपी कालू पुत्र किशोर तापड़िया को पुलिस ने काछोला क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मुख्य आरोपी रवि तापड़िया का भतीजा है। वारदात के बाद से वह पुलिस से बचने के लिए कई इलाकों में ठिकाने बदल रहा था। न्यायालय ने आरोपी को पूछताछ के लिए छह दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

सीओ सिटी सज्जन सिंह ने बताया कि एसपी सागर राणा के निर्देश पर भीमगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। बुधवार रात काछोला क्षेत्र में उसकी मौजूदगी की सूचना पर दबिश देकर उसे दस्तयाब किया गया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से छह दिन का पीसी रिमांड मिला है।



**तीन आरोपियों की पहले हो चुकी गिरफ्तारी**

पुलिस के अनुसार कमला देवी 12 अक्टूबर को लापता हुई थीं। 15 अक्टूबर को उनकी बहू ने भीमगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की पहचान शुरू की। जांच में रवि तापड़िया प्रमुख संदिग्ध के रूप में सामने आया। पूछताछ में हत्या की साजिश और वारदात से जुड़े तथ्य उजागर हुए। पुलिस ने इस मामले में रवि तापड़िया और हीरालाल सिंधी सहित तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया था।

**गहनों और जमीन के विवाद में की हत्या**

पुलिस जांच के मुताबिक वृद्धा के गहने हड़पने के साथ जमीन-जायदाद और आपसी लेन-देन का विवाद हत्या की वजह बना। आरोप है कि रवि तापड़िया और हीरालाल सिंधी ने कमला देवी की हत्या कर दी। वारदात के बाद साक्ष्य मिटाने के लिए शव को छत पर जलाया गया। इसके बाद अवशेष नाली में बहाने के साथ कोठारी नदी में भी प्रवाहित किए गए। पुलिस को नाली से भी कुछ अवशेष मिले थे। पुलिस अब गिरफ्तार चौथे आरोपी कालू तापड़िया से पूछताछ कर हत्याकांड में उसकी भूमिका, वारदात के बाद साक्ष्य मिटाने में उसकी संलिप्तता और अन्य संभावित कड़ियों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जांच में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका सामने आने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।


राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

## साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कैंप आयोजित, सदस्यों को दी ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी




**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।** तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष प्रिया मीणा के निर्देशन में बस स्टैंड बाईपास पर साइबर सुरक्षा जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इसमें पीएलवी कमलेश सुखवाल ने मौजूद सदस्यों को साइबर सुरक्षा, मोबाइल के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने अनजान नंबरों से आने वाली कॉल, संदेश और संदिग्ध लिंक से सतर्क रहने तथा अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने की अपील की।

## वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी, विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में गुरुवार को सलावटिया पटवार भवन चौराहे पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।
शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी वरिष्ठ नागरिक को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, परेशान करने अथवा देखभाल नहीं करने की स्थिति में वे कानूनी एवं प्रशासनिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में कई लोग मौजूद रहे।

## दीपावली से पूर्व बाकरा पंचायत में स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

### सरपंच राकेश खटीक ने वार्ड पंचों के साथ की विकास कार्यों पर चर्चा, बोले- मिलकर करेंगे पंचायत का सर्वांगीण विकास



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।** ग्राम पंचायत बाकरा में दीपावली पर्व से पूर्व स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सरपंच राकेश खटीक ने सभी वार्ड पंचों के साथ मुलाकात कर पंचायत क्षेत्र की आगामी विकास कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं, मूलभूत सुविधाओं और प्राथमिकता से करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर सुझाव लिए गए।
सरपंच राकेश खटीक ने कहा कि पंचायत क्षेत्र का विकास सभी के सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। सभी वार्ड पंच आपसी तालमेल और एकजुटता के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत के प्रत्येक वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवाना प्राथमिकता रहेगी। हमारा उद्देश्य राजनीति से ऊपर उठकर गांव के विकास और आमजन की समस्याओं का समाधान करना है।
कार्यक्रम में आपसी भाईचारे, सौहार्द और सहयोग के साथ पंचायत क्षेत्र को विकास की नई दिशा देने का संकल्प लिया गया।

# करुणा जहां निर्णय बनती है, वहीं से धर्म आचरण में उतरता है : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

### आज से चार दिन तप-मौन और एकांत साधना में युवाचार्यश्री; गौतम प्रतिपदा पर विशेष मांगलिक से मिलेगा सान्निध्य..





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**
**पुनित चपलोत**

अपने सुख के लिए किसी दूसरे जीव की पीड़ा स्वीकार करना धर्म की दृष्टि से शुभ नहीं हो सकता। करुणा केवल भाव नहीं, ऐसा विवेक है जो सही समय पर निर्णय बदलने का साहस देता है। ये विचार शांतिभवन में श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने श्रीमद् उत्तराध्ययन सूत्र के तेईसवें एवं चौबीसवें अध्यायों के मूल पाठ का स्वाध्याय कर उनके भावार्थ का विवेचन करते हुए व्यक्त किए। अरिष्टनेमि के विवाह प्रसंग का उल्लेख करते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि बारात के लिए बंधे जीवों को देखकर उनके भीतर प्रश्न उठा कि यदि मेरे कारण हिंसा हो रही है तो यह उत्सव मेरे लिए शुभ कैसे हो सकता है। उन्होंने आभूषण उतारे, रथ मोड़ा और संयम का मार्ग चुन लिया। राजीमती के प्रसंग में उन्होंने कहा कि त्याग करना जितना महत्वपूर्ण है, त्याग की रक्षा करना उतना ही कठिन है। क्षणिक मोह से विचलित रथनेमि को राजीमती ने संयम का स्मरण कराया और त्यागे हुए भोगों की ओर लौटने को उगले हुए विष को फिर ग्रहण करने जैसा बताया। तेईसवें 'केशी-गौतमीय' अध्ययन का भावार्थ रखते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि वेश और व्रतों की भिन्नताओं से उठे प्रश्न संवाद से सुलझे। मतभेद अपने आप में समस्या नहीं, संवाद का अभाव समस्या बनता है। शंका सामने रखी जाए, प्रज्ञा से विचार हो और सम्मान बना रहे तो दूरी घटती है। गौतम स्वामी के लिए प्रयुक्त 'विद्या और चरण में पारंगत' विशेषण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञान और आचरण दोनों का संतुलन साधना की आवश्यक शर्त है। केवल जानना पर्याप्त नहीं, जीवन में उसका उतरना भी जरूरी है।
चौबीसवें 'प्रवचन माता' अध्ययन में पांच समितियों और तीन गुप्तियों का विवेचन करते हुए बताया कि चलने, बोलने, लेने-रखने, आहार और दैनिक व्यवहार में सावधानी के साथ मन, वचन और काया को अशुभ से रोकना साधक की निरंतर जागरूकता का हिस्सा है।
युवाचार्यश्री ने कहा कि अरिष्टनेमि ने करुणा को निर्णय बनाया, राजीमती ने संयम को दृढ़ता दी, केशी- गौतम ने संवाद से संशय मिटाए और प्रवचन माता ने व्यवहार को सजगता से जोड़ा। धर्म का वास्तविक प्रभाव तभी है, जब वह विचार बनकर न ठहरे, बल्कि निर्णयों को दिशा दे, संबंधों में संवाद बचाए और आचरण को संयमित करे।
इस अवसर पर अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने युवाचार्यश्री से तपस्या के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। धर्मसभा में महाराष्ट्र,गुजरात, मध्यप्रदेश सहित प्रदेश के विभिन्न अंचलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने दर्शन कर मंगल आशीर्वाद लिया।
श्रीसंघ शांति भवन के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि युवाचार्यश्री शुक्रवार से चार दिवसीय तप, मौन एवं एकांत साधना में रहेंगे। साधना पूर्ण होने के बाद गौतम प्रतिपदा नववर्ष के अवसर पर 10 नवम्बर को प्रातः 7.30 बजे विशेष मंगल पाठ प्रदान करेंगे।
उन्होंने बताया कि इस अवधि में प्रतिदिन प्रातः 8.30 बजे हितमितभाषी हितेंद्र ऋषिजी एवं साध्वीवृंद श्रीमद् उत्तराध्ययन सूत्र का स्वाध्याय कर उसके भावार्थ पर प्रवचन देंगे।

## पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के समर्थन में देशभर में ज्ञापन, भीलवाड़ा में भी जताया विरोध

### सोशल मीडिया पर कथित अभद्र टिप्पणियों और दुष्प्रचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।** **पुनीत चपलोत।** बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित अभद्र टिप्पणियों और दुष्प्रचार के विरोध में गुरुवार को देशभर में ज्ञापन सौंपे गए। श्री बागेश्वरधाम सुंदरकांड मंडल की केंद्रीय समिति के आह्वान पर 240 स्थानों पर जिला कलेक्टरों को ज्ञापन दिए गए। इसी क्रम में भीलवाड़ा में मंडल पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला कलेक्टर को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पं. शास्त्री के बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश कर विवाद खड़ा किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। समिति पदाधिकारी जसवंत शर्मा ने कहा कि करेरा में कथा के दौरान भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के स्वरूप एवं स्वभाव की व्याख्या को गलत अर्थ में प्रस्तुत किया गया। वहीं मंडल प्रभारी अलका सिसोदिया ने कहा कि पं. शास्त्री सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और जातिवाद के खिलाफ जागरूकता का कार्य कर रहे हैं।समिति ने ज्ञापन के माध्यम से कथित दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई, आपत्तिजनक टिप्पणियों पर रोक और संबंधित व्यक्ति से सार्वजनिक माफी की मांग की। पदाधिकारियों ने समाज से आपसी मतभेद भुलाकर धार्मिक एकता बनाए रखने की अपील भी की।

## विधायक के हस्तक्षेप पर गौशाला पहुंचा खाखला, 600 गोवंश के चारे का संकट टला

### टेंडर निरस्त होने से बिगड़ी व्यवस्था, छह कर्मचारियों पर जिम्मेदारी और पांच माह से वेतन बकाया



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।** नगर पालिका की गौशाला में चारे की कमी से 600 से अधिक गोवंश के सामने संकट खड़ा हो गया। मामला सामने आने पर विधायक लादू लाल पितलिया ने हस्तक्षेप कर अधिशासी अधिकारी भानुप्रताप सिंह से बात की और तत्काल चारे की व्यवस्था के निर्देश दिए। इसके बाद गौशाला में खाखला पहुंचाया गया, हालांकि यह व्यवस्था महज चार-पांच दिन तक ही चलने की बात सामने आई है।
जानकारी के अनुसार ठेकेदार का भुगतान अटकने और टेंडर निरस्त होने से चारे की नियमित आपूर्ति बाधित हुई। गुरुवार को गोभक्तों के दल ने गौशाला पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं गौशाला में 600 से अधिक गोवंश की देखभाल के लिए मात्र छह कर्मचारी नियुक्त हैं। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पिछले पांच माह से वेतन भी नहीं मिला है। फिलहाल खाखले की व्यवस्था होने से राहत मिली है, लेकिन नियमित चारा आपूर्ति, नए टेंडर, कर्मचारियों के बकाया वेतन और पर्याप्त कार्मिकों की व्यवस्था करना नगरपालिका प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती है।



QUICK BITES

## सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताए, महिलाओं ने लिया उपयोग नहीं करने का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।




राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता इकाई की ओर से गुरुवार को वार्ड 17 के ढोली मोहल्ला कुंड चौक पर प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह की थीम 'एक सप्ताह, सात कार्य, एक ग्रह' के तहत कैप प्रतिनिधि रेखा खटीक ने महिलाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के नुकसान बताए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के डिस्पोजेबल बर्तन, बोतलें और पॉलीथिन का अत्यधिक उपयोग नुकसानदायक है। प्लास्टिक कचरा जलाने से निकलने वाला जहरीला धुआं वायु प्रदूषण और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ाता है।

उन्होंने महिलाओं से प्लास्टिक के कप-प्लेट की जगह स्टील व कांच के बर्तन तथा पॉलीथिन की जगह कपड़े के थैले अपनाने की अपील की। अंत में उपस्थित महिलाओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और अन्य लोगों को भी जागरूक करने की शपथ ली।

## चंवरा के हनुमानजी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव पर सजेगा छप्पन भोग

**9 नवंबर को विराट कवि सम्मेलन, 10 नवंबर को संगीतमय सुंदरकांड और महाआरती**

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



**जसवंत पारीक।** बडलियास स्थित श्री 1008 चंवरा के हनुमानजी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर 9 और 10 नवंबर को दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन के तहत 9 नवंबर को रात 8.15 बजे विराट कवि सम्मेलन होगा। इसमें देश के ख्यातनाम कवि हास्य, वीर रस और राजस्थानी संस्कृति से जुड़ी रचनाओं की प्रस्तुतियां देंगे।

आयोजक सुवालका बंधुओं के अनुसार कवि सम्मेलन में राजस्थानी गीतकार सोहन चौधरी, महेंद्र पुरी, संजीव प्रजापत, हास्य-व्यंग्यकार कमलेश केकड़ी, मनीष सुखवाल, वीर रस के कवि अनुग्रह आजाद और ओम आदर्श सहित अन्य कवि काव्य पाठ करेंगे।

वहीं 10 नवंबर को सुबह संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। इसके बाद हनुमानजी को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की जाएगी। छप्पन भोग के दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।




# धन्वंतरि जयंती महोत्सव में स्वास्थ्य और भारतीय संस्कारों का दिया संदेश, बालिका प्रतिभाओं का सम्मान

**दीपावली के पांच पर्वों को बताया शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, पर्यावरणीय और पारिवारिक स्वास्थ्य का प्रतीक**






भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी।** अनुरागबाला पाराशर फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधीपुरी में धन्वंतरि जयंती महोत्सव एवं बालिका शिक्षा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में आयुर्वेद, स्वस्थ जीवनशैली और भारतीय संस्कारों के महत्व पर चर्चा के साथ बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाली प्रतिभाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान किया गया।

मुख्य वक्ता आरोग्य भारती चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष डॉ. डीएल काष्ठ ने कहा कि धन्वंतरि जयंती शारीरिक स्वास्थ्य का प्रतीक है, जबकि दीपावली के पांच पर्व शरीर, मन, अध्यात्म, पर्यावरण और पारिवारिक एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और भारतीय संस्कारों को अपनाने पर जोर दिया।

समारोह की अध्यक्षता डॉ. शंकरलाल माली ने की। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. कमलाकांत शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. जेवी दिवाकर और नगर संघचालक कन्हैयालाल वर्मा रहे। वक्ताओं ने समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने, संयमित जीवन अपनाने तथा चिकित्सा सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया।

फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. कमलेश पाराशर ने स्वस्थ जीवनशैली और प्रकृति के अनुरूप जीवन जीने का संदेश दिया। तेजपाल उपाध्याय ने फाउंडेशन की ओर से विद्यालय में स्मार्ट क्लास, स्मार्ट बोर्ड और फर्नीचर उपलब्ध कराने की जानकारी दी।

### बालिका शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाएं सम्मानित

समारोह में आसमा बानू नीलगर, आलिया बानू, अंशिका मीणा और हर्षिता घुसर को बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के तहत सम्मानित किया गया। आयुर्वेद सेवा सम्मान डॉ. विनित जैन, पुष्पेंद्र जीनगर और तेजमल लोट को तथा योग साधना सम्मान योगाचार्य दारासिंह को प्रदान किया गया। पत्रकारों, कवि और समाजसेवियों का भी अभिनंदन किया गया। कवि दिनेश बंटी ने चाय पर कविता सुनाकर कार्यक्रम में रोचकता घोली। संचालन डॉ. परमेश्वर कुमावत ने किया तथा आभार मूलचन्द पेसवानी ने जताया।

## दस दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव का भव्य समापन, राममय हुआ काछोला

**वाराणसी के कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों का किया जीवंत मंचन, उमड़े श्रद्धालु**

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



कस्बे के बाग के बालाजी परिसर में आयोजित दस दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव का भव्य समापन हुआ। उत्तर प्रदेश के वाराणसी से आए कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। दस दिनों तक पूरा परिसर भक्ति और जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा।

महोत्सव में श्रीराम जन्म, सीता स्वयंवर, राम-सीता विवाह, वनवास, भरत मिलाप, शबरी प्रसंग, सीता हरण, लंका दहन और राम-रावण युद्ध सहित रामायण के प्रमुख प्रसंगों का मंचन किया गया। कलाकारों की सजीव अभिनय कला, आकर्षक वेशभूषा और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

आयोजन का उद्देश्य भगवान श्रीराम के सत्य, त्याग, मर्यादा और धर्म के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का संचालन राघवेन्द्र कुमार ने किया तथा निर्देशन अभिमन्यु व्यास ने किया।

## जनगणना-2027 : नियमित सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**दूसरे चरण में पूछे जाएंगे 40 मूल प्रश्न, उप-प्रश्नों सहित जुटाई जाएगी 64 बिंदुओं की जानकारी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



माणिक्य लाल वर्मा टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कॉलेज में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) की तैयारियों को लेकर नियमित सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिन जनगणना संबंधी तकनीकी प्रक्रियाओं, गणना खण्डों के गठन एवं ऑनलाइन पोर्टल पर कार्य करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में पिछले दिन की गतिविधियों की पुनरावृत्ति करते हुए प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया। मास्टर ट्रेनर डी.आर. गांधी एवं नरेन्द्र कुमार ने गणना खण्ड गठन, प्रभार पंजिका तथा मानचित्र सत्यापन से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रथम चरण में जिन मकान सूचीकरण खण्डों की जनसंख्या 800 से अधिक होगी, उन्हें दूसरे चरण में उप-गणना खण्डों में विभाजित किया जाएगा। इससे किसी एक प्रगणक पर 800 से अधिक आबादी की गणना का भार नहीं रहेगा और कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकेगा।

अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में 40 मूल प्रश्न पूछे जाएंगे। इनके उप-प्रश्नों सहित कुल 64 बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसमें जनसांख्यिकी, आर्थिक गतिविधियों, सामाजिक विशेषताओं, प्रवासन, प्रजनन, भाषा और शिक्षा सहित विभिन्न विषयों से संबंधित विवरण शामिल होंगे।

प्रशिक्षण के मुख्य तकनीकी सत्र में सीएमएमएस पोर्टल के जनसंख्या गणना प्रबंधन मॉड्यूल पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें गणना खण्डों का गठन, उन्हें अंतिम रूप से सुरक्षित करना, उप-गणना खण्डों का सीमांकन तथा प्रारूप मानचित्र तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई। सभी नियमित सहायकों से व्यक्तिगत रूप से पोर्टल पर लॉगिन करवाकर पूरी प्रक्रिया का अभ्यास भी कराया गया।

समापन अवसर पर उप जिला जनगणना अधिकारी डॉ. सोनल राज कोठारी ने सहायकों को अपने-अपने प्रभार क्षेत्रों में जाकर निर्धारित समय सीमा में गणना खण्डों के गठन एवं अंतिम रूप देने का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही पोर्टल पर प्रतिदिन की प्रगति दर्ज करने के लिए भी कहा।

# युवाओं ने सांसद दामोदर अग्रवाल से किया सीधा संवाद, लोकतंत्र और मतदाता जागरूकता पर हुई चर्चा

## 'विकसित भारत युवा संवाद' कार्यक्रम में पहली बार मतदान, मतदाता सूची और युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर रखे विचार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में गुरुवार को 'विकसित भारत युवा संवाद : अपना वोट जानें' कार्यक्रम आयोजित हुआ। मेरा युवा भारत (माय भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में युवा आइकॉन प्रियांशु चौधरी ने विशेष प्रस्तुति के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया, मतदाता सूची की शुद्धता और जागरूक मतदाता की जिम्मेदारी के बारे में जानकारी दी।

दूसरे सत्र में युवाओं ने सांसद दामोदर अग्रवाल से सीधा संवाद किया। युवाओं ने पहली बार मतदान करने वालों की जिम्मेदारी, वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, इंटरनेट माध्यमों पर भ्रामक चुनावी सूचनाओं की पहचान, रोजगार एवं कौशल विकास तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान में युवाओं की भागीदारी जैसे मुद्दों पर सवाल पूछे। सांसद अग्रवाल ने देश में आपातकाल के ऐतिहासिक घटनाक्रम, 38वें संविधान संशोधन और आपातकाल विरोधी आंदोलन का उल्लेख करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवैधानिक मूल्यों एवं नागरिक अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर फैल रही भ्रांतियों को दूर करने के लिए सही जानकारी के प्रचार-प्रसार और जनजागरूकता पर जोर दिया।

माय भारत के जिला युवा अधिकारी जयेश मीना ने 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2027' की रूपरेखा, विभिन्न चरणों, सहभागिता प्रक्रिया और युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से इस राष्ट्रीय पहल से जुड़कर अपने विचारों और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

महाविद्यालय प्राचार्य भगवतीलाल जगेटिया ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन युवराज सिंह राठौड़ एवं कोमल स्वामी ने किया।

# सूने मकान के ताले तोड़ लाखों का सामान समेट ले गए चोर, फ्रिज-टीवी से लेकर कृषि उपकरण तक चोरी

## डेलाणा गांव में वारदात, सुबह लौटे मकान मालिक को टूटा मिला मुख्य द्वार का ताला; गंगापुर थाने में दी रिपोर्ट

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

डेलाणा गांव में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के घरेलू और कृषि उपयोग के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोर मुख्य द्वार सहित कमरों और अलमारियों के ताले तोड़कर फ्रिज, एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर, पानी की मोटर, फर्नीचर, रसोई का सामान और कृषि उपकरण तक समेट ले गए। वारदात का पता गुरुवार सुबह मकान मालिक के लौटने पर चला।

जानकारी के अनुसार गंगापुर निवासी बनवारी लाल पुत्र बद्रीलाल माली एवं उनकी भाभी लक्ष्मी देवी पत्नी रामस्वरूप माली का डेलाणा गांव में मकान है। बनवारी लाल बुधवार रात करीब आठ बजे मकान से गंगापुर चले गए थे। गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे वापस पहुंचे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर कमरों और अलमारियों के ताले भी टूटे हुए थे तथा सामान बिखरा पड़ा था।

चोर मकान से डबल डोर फ्रिज, 43 इंच एलईडी टीवी, म्यूजिक सिस्टम, दो गैस सिलेंडर, दो हॉर्स पावर की पानी की मोटर, तीन हॉर्स पावर की दो सबमर्सिबल मोटर, करीब 1600 फीट केबल, मिक्सर ग्राइंडर, सोफा सेट, 16 कुर्सियां, दो गद्दे, रसोई का सामान, 10 हजार रुपये नकद तथा फावड़ा, गेती, कसी, दांतली, साबल सहित कृषि उपकरणों के दो सेट चोरी कर ले गए।

मकान के बाहरी हिस्से में एक कमरा विद्युत विभाग के ठेकेदार रामजी भाई को किराये पर दे रखा है। उनके उत्तर प्रदेश जाने के कारण कमरे से चोरी हुए सामान की जानकारी नहीं मिल सकी है। पीड़ित बनवारी लाल ने गुरुवार को गंगापुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट देकर चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# श्री टेकरी के बालाजी आश्रम में 11 नवंबर से सात दिवसीय भागवत कथा महोत्सव

## दादीधाम से निकलेगी विशाल कलश यात्रा, आचार्य महेंद्र कृष्ण शास्त्री करेंगे कथा वाचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनीत चपलोत।** छोटी हरणी स्थित श्री टेकरी के बालाजी काठियाबाबा आश्रम में 11 से 17 नवंबर तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव आयोजित होगा। महंत बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में होने वाले आयोजन में वृंदावन के कथावाचक आचार्य महेंद्र कृष्ण शास्त्री प्रतिदिन दोपहर एक से शाम पांच बजे तक कथा श्रवण कराएंगे।

महंत बनवारीशरण काठियाबाबा ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि आयोजन हनुमानजी महाराज को समर्पित है। इसमें किसी संस्था या प्रायोजक की बजाय भीलवाड़ा शहरवासियों और छोटी हरणी ग्रामवासियों के सहयोग से सर्वसमाज की भागीदारी रहेगी।

कथा का शुभारंभ 11 नवंबर को सुबह 9.15 बजे दादीधाम से आश्रम तक निकलने वाली विशाल कलश शोभायात्रा से होगा। इसमें सैकड़ों महिलाएं मंगल कलश लेकर शामिल होंगी। कथा के लिए विशाल डोमयुक्त पांडाल तैयार किया जा रहा है, जिसमें



हजारों श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था रहेगी।

सात दिवसीय कथा में भागवत महात्म्य, ध्रुव चरित्र, नृसिंह एवं वामन अवतार, श्रीराम-कृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रुक्मणी मंगल, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न प्रसंगों का वाचन होगा। 17 नवंबर को व्यास पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ महोत्सव का समापन होगा।

आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। पांडाल व्यवस्था अंकित सोमानी एवं हर्ष राठी, मीडिया व्यवस्था निलेश कांठेड़ तथा भोजन व्यवस्था छोटी हरणी के ग्रामवासी संभालेंगे।

# भीलवाड़ा में पहली बार सजेगी भव्य पावापुरी, 24 किलो का निर्वाण लाडू होगा आकर्षण का केंद्र

## 9 नवंबर को आचार्य पुलकसागरजी के सानिध्य में मनेगा भगवान महावीर का निर्वाण कल्याणक महोत्सव, 24 परिवार चढ़ाएंगे पांच-पांच किलो के लाडू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राष्ट्रसंत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ससंघ के ऐतिहासिक चातुर्मास के समापन से पहले भीलवाड़ा में जैन समाज का एक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक महोत्सव पर 9 नवंबर को पहली बार शहर में भव्य पावापुरी की आकर्षक रचना की जाएगी। आचार्यश्री के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में 24 किलो का मुख्य निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। साथ ही 24 पुण्यार्जक परिवार पांच-पांच किलो के लाडू अर्पित करेंगे।

श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में सुबह 8 से 10 बजे तक निर्वाण कल्याणक महोत्सव आयोजित होगा। इसमें भगवान महावीर स्वामी का पूजन, निर्वाण कांड पाठ एवं निर्वाण लाडू अर्पण के कार्यक्रम होंगे। मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध झांकी रचनाकार नंदनभाई और उनकी टीम पिछले कई दिनों से भव्य पावापुरी की रचना तैयार करने में जुटी हुई है।

**तीन दिन होगा मंत्र जाप अनुष्ठान**

आचार्यश्री के सानिध्य में धनतेरस से दीपावली अमावस्या तक लगातार तीन रात्रियों में मध्यरात्रि को विशेष मंत्र जाप



अनुष्ठान होगा। इसमें चातुर्मास के मंगल कलश के पुण्यार्जक परिवार लाल रंग की धोती-दुपट्टा धारण कर मंगल कलश के समक्ष बैठकर मंत्र आराधना करेंगे। अनुष्ठान के बाद आचार्यश्री के आशीर्वाद से मंगल कलश संबंधित पुण्यार्जक परिवारों को सौंपे जाएंगे, जिन्हें वे अपने घरों में स्थापित कर सकेंगे।

**15 नवंबर को होगा चातुर्मास का निष्ठापन**

समिति अध्यक्ष ने बताया कि आचार्य पुलकसागरजी महाराज ससंघ के भीलवाड़ा चातुर्मास का निष्ठापन 15 नवंबर को पिच्छी परिवर्तन के साथ होगा। इसके बाद आचार्यश्री ऐतिहासिक चातुर्मास पूर्ण कर जहाजपुर की ओर मंगल विहार करेंगे। आगे उनका श्रीमहावीरजी होते हुए आगरा की दिशा में विहार करने का भाव है।

## QUICK BITES

### दीपावली सहित आगामी त्योहारों पर कानून-व्यवस्था की कमान संभालेंगे कार्यपालक मजिस्ट्रेट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

आगामी त्योहारों के दौरान जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने कार्यपालक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर क्षेत्रवार जिम्मेदारियां सौंपी हैं। दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज और गुरु नानक जयंती के अवसर पर ये अधिकारी पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार, सुभाषनगर एवं सदर थाना क्षेत्र की जिम्मेदारी उपखंड मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा प्रमोद सिरवी और नायब तहसीलदार कारोई ज्योत्सना को सौंपी गई है। वहीं, कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र में तहसीलदार दिनेश कुमार साउ और तहसीलदार भू-अभिलेख लालाराम मीणा को नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार गांधीनगर, प्रतापनगर एवं पुर थाना क्षेत्र में सहायक भू-प्रबंध अधिकारी प्रथम विनोद कुमार गोखरू तथा सहायक भू-प्रबंध अधिकारी द्वितीय जयप्रकाश रोलन को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि सभी नियुक्त अधिकारी संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से समन्वय बनाकर त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति पर लगातार निगरानी रखेंगे तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहेंगे। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) डॉ. हरीतिमा को प्रभारी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

### मतदाता पंजीकरण में सुविधा के लिए जिला स्तरीय हेल्प डेस्क गठित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 के तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और पंजीकरण संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने जिला स्तरीय हेल्प डेस्क का गठन किया है। इससे विशेष रूप से प्रवासी, कमजोर एवं वंचित वर्गों के मतदाताओं को पंजीकरण प्रक्रिया में सुविधा मिल सकेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार हेल्प डेस्क जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के प्रथम तल पर कमरा नंबर 125 में स्थापित की गई है। इसका संचालन प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि 12 नवंबर से शुरू होगा।

हेल्प डेस्क के प्रभारी अधिकारी तहसीलदार निर्वाचन कंवर प्रसाद दाधीच होंगे। वहीं प्रशासनिक अधिकारी रमेश चन्द्र जीनगर को प्रभारी कर्मचारी नियुक्त किया गया है। सहयोगी कार्मिक के रूप में सहायक प्रोग्रामर सुमित्रा चौहान एवं कनिष्ठ सहायक किरण लाम्बा सेवाएं देंगे।

मतदाता पंजीकरण एवं निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए हेल्प डेस्क पर संपर्क किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त निर्वाचन विभाग की ओर से टोल फ्री नंबर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

### बेंरा ग्राम पंचायत के पहले सरपंच रामसुख गुर्जर ने संभाला पदभार, विकास का खाका तैयार करने पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल।



नवगठित बेंरा ग्राम पंचायत में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। प्रथम सरपंच रामसुख गुर्जर, उपसरपंच बबलू मोहम्मद पठान सहित सातों वार्ड पंचों ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। पंचायत सचिव निखिल शर्मा ने प्रोसीडिंग रजिस्टर में हस्ताक्षर करवाकर सभी जनप्रतिनिधियों को कार्यभार सौंपा।

इस अवसर पर सरपंच रामसुख गुर्जर ने कहा कि बेंरा नई ग्राम पंचायत बनी है और पंचायतवासियों ने उन्हें प्रथम सरपंच बनने का अवसर दिया है। इसके लिए उन्होंने सभी ग्रामीणों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पंचायत को शून्य से विकसित करना है, जिसके लिए सभी ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पंचायत के विकास की शुरुआत पंचायत भवन, पंचायत सभा भवन, पशु चिकित्सा भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पटवार भवन और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए भूमि चिह्नित करने से की जाएगी। इसके लिए संबंधित प्रस्ताव तैयार कर एसडीएम, तहसीलदार एवं जिला कलक्टर को अवगत कराया जाएगा, ताकि नवगठित पंचायत को शीघ्र व्यवस्थित स्वरूप देकर विकास कार्य शुरू किए जा सकें।

समारोह में उपसरपंच बबलू मोहम्मद पठान, बेंरा पंचायत के अंतर्गत आने वाले रूपपुरा, भेरूखेड़ा, दौलतपुरा एवं बेंरा गांव के वार्ड पंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### एक रुपए में भरपेट भोजन, अन्नपूर्णा रसोई का एसडीएम ने किया निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



उपखंड अधिकारी स्वाती झा ने अंबेडकर भवन में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और कर्मचारियों के कार्यों का जायजा लेकर व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। रसोई में जवाहर फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं आरएसएमडब्ल्यू के डायरेक्टर रिजु झुनझुनवाला की पहल पर संचालित स्वाभिमान भोज योजना के तहत मात्र एक रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले चार वर्षों से जारी इस व्यवस्था में जरूरतमंदों को रोटी, चावल, दो सब्जियां और अचार सम्मानपूर्वक परोसा जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।